दिन–शुक्रवार दिनांक– 19 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में बिहार के चार संसदीय क्षेत्रों– औरंगाबाद, गया, नवादा और जमुई में कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान शांतिपूर्वक चल रहा है। दोपहर एक बजे तक इकतीस प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। सबसे अधिक नक्सल प्रभावित जमुई में चौंतीस प्रतिशत से अधिक जबकि औरंगाबाद में लगभग चौंतीस प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले। वहीं, गया में तीस प्रतिशत से अधिक और नवादा में सत्ताईस प्रतिशत से अधिक लोगों ने मताधिकार का प्रयोग किया। इन चार लोकसभा क्षेत्रों में शाम छह बजे तक वोट डाले जायेंगे। औरंगाबाद, गया, नवादा और जमुई संसदीय क्षेत्र के नक्सल प्रभावित पन्द्रह विधानसभा क्षेत्रों में अपराह्न चार बजे तक मतदान का समय निर्धारित किया गया है। हमारे संवाददाताओं ने खबर दी है कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से औरंगाबाद संसदीय क्षेत्र के छह में से पांच विधानसभा क्षेत्र कुटुम्बा, रफीगंज, गुरूआ, इमामगंज और टिकारी में दोपहर बाद चार बजे तक मतदाता वोट डाल सकेंगे। इसी तरह जमुई संसदीय क्षेत्र के छह में से पांच विधानसभा क्षेत्र तारापुर, सिकंदरा, जमुई, झाझा और चकाई में मतदान शाम छह बजे के पहले चार बजे समाप्त हो जायेगा। वहीं, गया संसदीय क्षेत्र के छह में से तीन विधानसभा क्षेत्र शेरघाटी, बाराचट्टी और बोधगया जबकि नवादा संसदीय क्षेत्र के छह में दो विधानसभा क्षेत्र रजौली और गोविंदपुर में सुरक्षा के दृष्टिकोण से अपराह्न चार बजे तक वोटिंग होगी।

———————————————————————

स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने के लिये सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार अर्धसैनिक बलों की कुल एक सौ बावन कंपनियों की तैनाती की गयी है। नक्सली क्षेत्रों में ड्रोन से निगरानी की जा रही है। अनहोनी घटना को टालने के लिए प्रभावित इलाकों में हेलीकॉप्टर को भी तैनात किया गया है। मतदान केन्द्रों से पूरी चुनावी प्रक्रिया की लाईव वेबकास्टिंग की भी व्यवस्था की गयी है।

———————————————————————

निर्वाचन आयोग ने पटना में राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की है। मतदान समाप्ति तक यह नियंत्रण कक्ष काम करेगा।

लोग नियंत्रण कक्ष के टेलिफोन नम्बर– शून्य छह एक दो दो दो एक सात छह शून्य एक और शून्य छह एक दो दो दो एक सात छह शून्य दो या फैक्स नम्बर– शून्य–छह–एक–दो–दो–दो–एक–सात–पांच–नौ–सात पर अपनी शिकायत या किसी अन्य प्रकार की सूचना दे सकते हैं। इसके अलावा ई–मेल आईडी– सीईओ बिहार एट जीमेल डॉट कॉम पर भी शिकायतें भेजी जा सकती हैं।

———————————————————————

औरंगाबाद, गया, नवादा और जमुई संसदीय क्षेत्रों में तीन महिला उम्मीदवारों समेत कुल अड़तीस प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं, जिसमें तेरह निर्दलीय उम्मीदवार हैं। गया में सबसे अधिक चौदह जबकि जमुई में सबसे कम सात उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं, औरंगाबाद में नौ जबकि नवादा में आठ उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। गया से पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी, औरंगाबाद से निवर्तमान सांसद सुशील कुमार सिंह, नवादा से पूर्व केन्द्रीय मंत्री सी.पी. ठाकुर के पुत्र विवेक ठाकुर और जमुई से पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्वर्गीय राम विलास पासवान के दामाद अरूण भारती की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है। चारों लोकसभा क्षेत्र से राष्ट्रीय जनता दल के उम्मीदवार भी चुनावी मैदान में हैं। गया से कुमार सर्वजीत, औरंगाबाद से अभय कुशवाहा, नवादा से श्रवण कुशवाहा और जमुई से अर्चना रविदास पार्टी के उम्मीदवार हैं।

———————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज हो रहे पहले चरण के मतदान के लिए सभी मतदाताओं से बड़ी संख्या में मतदान करने की अपील की है। उन्होंने विशेषकर युवा और पहली बार मतदान कर रहे वोटरों से उत्साहपूर्वक लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी करने को कहा है।

———————————————————————

तीसरे चरण के लोकसभा चुनाव के लिए आज नामांकन पत्र भरने का काम समाप्त हो जाएगा। इस चरण के तहत झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया संसदीय क्षेत्रों में सात मई को मतदान होना है। कल नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। वहीं, उम्मीदवार बाईस अप्रैल तक अपना नामांकन पर्चा वापस ले सकते हैं।

———————————————————————

तेज पछुआ हवा के कारण राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों में मौसम उष्ण और शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार राज्य के कई जिलों में अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान शेखपुरा राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान इकतालीस दशमलव एक डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं,

पटना का अधिकतम तापमान उनतालीस प्रतिशत से अधिक रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने अगले अड़तालीस घंटों के दौरान सीवान और गोपालगंज समेत राज्य के उत्तर–पश्चिम तथा दक्षिणी हिस्सों में भीषण गर्मी की आशंका जतायी है।

लाल/आफताब– 19.04.2024 प्रेस विज्ञप्ति

समापन

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।